सर्च हिस्ट्री को प्राइवेट क्यों नहीं रखते?

इंटरनेट पर सर्च हिस्ट्री आपके बारे में पूरा चिट्ठा खोलकर रख सकती है। इसलिए अपनी ऑनलाइन सर्च हिस्ट्री पर कंट्रोल रखना जरूरी है।



इंटरनेट पर हम बहुत कुछ सर्च करते हैं। इनमें कई चीजें बेहद पर्सनल या फिर प्रोफेशनल कामकाज से जुड़ी हो सकती हैं, जिनका खुलासा होने से नुकसान हो सकता है। सेहत से जुड़ी बातें, मानसिक स्थिति, रुचियां, ट्रैवल लोकेशन, आप किन चीजों की शॉपिंग करना पसंद करते हैं या फिर ऐसी कौन सी चीजें हैं, जिनसे आप डरते हैं। रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़ी ये ऐसी बातें हैं, जिनके बारे में अक्सर लोग ऑनलाइन सर्च करते रहते हैं। लेकिन, ऑनलाइन सर्च हिस्ट्री को डिलीट नहीं करते। ऐसे में दूसरे लोग आपकी पर्सनल सर्च हिस्ट्री को खंगाल सकते हैं। इसलिए जरूरी है कि आप अपनी ऑनलाइन सर्च हिस्ट्री को प्राइवेट रखें। हम जब भी इंटरनेट पर कुछ भी सर्च करते हैं, वो अपने आप डाटाबेस में सेव हो जाता है, जिसे आसानी से ट्रैक किया जा सकता है। इस तरह आपसे जुड़े डाटा का इस्तेमाल दूसरे लोग किसी भी तरीके से कर सकते हैं।

गूगल, माइक्रोसॉफ्ट या फिर बिंग समेत दूसरी कंपनियां सर्च हिस्ट्री को डिलीट करने की सहूलियत देती हैं। गूगल ने पर्सनल वेब हिस्ट्री को सर्च करने, मैनेज करने या फिर डिलीट करने को आसान बना दिया है। इसके लिए google.com/history में जाकर आपको अपने गूगल अकाउंट में लॉग-इन करना होगा। यहां पर आपको सर्च हिस्ट्री की पूरी जानकारी मिल जाएगी, जिसे आसानी से कैटेगरी के मुताबिक ब्राउज किया जा सकता है। अगर आप इस हिस्ट्री को हटाना चाहते हैं, तो पेज के दाईं ओर ऊपर बने गियर आईकन को क्लिक करें और सेटिंग्स को चुनें। यहां आप सर्च हिस्ट्री को टर्न ऑफ कर सकते हैं। ऐसा करने के बाद गूगल अपकी सर्च हिस्ट्री को सेव करना बंद कर देगा। यही नहीं, गूगल डाटाबेस पर आप ऑनलाइन सर्च हिस्ट्री से कुछ खास आइटम्स को डिलीट भी कर सकते हैं। इसी तरह माइक्रोसॉफ्ट बिंग पर भी वेब हिस्ट्री को टर्न ऑफ यानी बंद कर सकते हैं, या फिर इसे डिलीट कर सकते हैं।

माइक्रोसॉफ्ट बिंग पर वेब सर्च हिस्ट्री पर कंट्रोल रखने के लिए bing.com/profile/history पर जाना होगा। जबकि याहू में सिर्फ भविष्य की सर्च हिस्ट्री को टर्न ऑफ किया जा सकता है। याहू पर सर्च हिस्ट्री को टर्न ऑफ करने के लिए search.yahoo.com/preferences/ पर जाना होगा। याहू में पुरानी सर्च हिस्ट्री को डिलीट करने की सहूलियत नहीं मिलती, लेकिन फ्यूचर सर्च हिस्ट्री को टर्न ऑफ करके भविष्य के खतरों से बचे रह सकते हैं।

My Apps

आईपैड का डे-प्लानर एप

हर दिन कामों की इतनी लंबी लिस्ट होती है कुछ न कुछ हम भूल ही जाते हैं। इसी बात को ध्यान में रखकर Owaves एप बनाया गया है। आईपैड यूजर्स के लिए बनाई गई यह एप्लीकेशन न सिर्फ डे-प्लान करती है, बल्कि सेहत का भी पूरा ध्यान रखती। इसे दुनिया का पहला कंप्लीट वेलनेस और डे-प्लानर एप बताया जा रहा है। इस फ्री एप में लगी 24 घंटे क्लॉक यूजर्स को उनकी जरूरत के अनुसार एक्सरसाइज, नींद, आराम और पोषण के बारे में अपडेट करती रहती है। मेडिटेशन से लेकर दोस्तों के साथ वक्त बिताने तक आपकी हर बात का ख्याल रखने की सुविधा इस एप में है।

Tech Digest

इंस्टाग्राम में फोटोशॉप

अब तक इंस्टाग्राम यूजर इस साइट पर सिर्फ तसवीरें शेयर कर पाते थे। अब उनके पास इन तसवीरों को एडिट करने वाला सॉफ्टवेयर भी होगा। हाल ही में इंस्टाग्राम एक नए एडिटिंग टूल के साथ लाया है इस साइट का नया वर्जन। यह टूल ब्राइटनेस, कंट्रास्ट, फिल्टर स्ट्रेंथ, सैचुरेशन, हाइलाइट्स, एडजेस्ट, शैडो, विजिनिटी, वार्म्थ और शार्पन जैसे नौ नए फोटो इफेक्ट्स से लैस है। इस टूल को आप इंस्टाग्राम की एडिटिंग स्क्रीन पर एक नए रेंच (नट-बोल्ट कसने के उपकरण जैसा) आइकन के रूप में देख सकेंगे। इंस्टाग्राम के आधिकारिक ब्लॉग पर यह जानकारी शेयर की गई है।

Power Tech

बिजली बचाता है यह लैंप

बाजार में बिजली की बचत का दावा करने वाले ढेरों उपकरण मौजूद हैं। लेकिन, एनटीएल लेमनिस का दावा कुछ ज्यादा ही है। कंपनी ने हाल में अपना फेरॉक्स रेट्रोफिट एलईडी लैंप बाजार में उतारा है। इससे 90 प्रतिशत तक बिजली की बचत का दावा किया जा रहा है। इसे बेहद खास ढंग से डिजाइन किया गया है, जो न केवल स्टाइलिश है, बल्कि माहौल को भी एक खूबसूरती प्रदान करता है। कंपनी के मुताबिक पारा एवं लेड पदार्थ रहित फेरॉक्स रेट्रोफिट एलईडी लैंप की लाइफ 25 हजार घंटे से अधिक हो सकती है। इसकी कीमत 750 रुपये से शुरू होती है।

New Launch

क्वर्टी और टच के साथ स्टेलर 360

स्पाइस ने हाल में स्टेलर सीरीज के तहत स्टेलर 360 फोन लांच किया है। टच और क्वर्टी कीपैड की खूबियों से लैस यह कम बजट का 3जी फोन है। कंपनी ने यह फोन उन मोबाइल यूजर्स को ध्यान में रखकर बनाया है, जिन्होंने हाल ही में फीचर फोन से स्मार्टफोन की ओर रुख किया है। नए यूजर्स को स्मार्टफोन के शुरुआती इस्तेमाल में दिक्कत आती है, तो वो इस फोन को ट्राई कर सकते हैं। एंड्रॉयड जैली-बीन पर चलने वाला यह एक डुयेल सिम फोन है, जिसमें 1.3 GHz डुयेल कोर प्रोसेसर दिया गया है। अन्य फीचर्स में आपको मिल सकता है 3.5 इंच डिस्प्ले , 3.2 एमपी कैमरा और 1.3 एमपी फ्रंट कैमरा। लेकिन, इनसे किसी तरह की जादुई फोटोग्राफी की उम्मीद करना बेमानी होगा। इसमें आपको कुछ प्रीलोडेड एप्स जैसे वॉट्स एप, बीबीएम, ओपेरा, टिवटर इत्यादि मिल सकते हैं। इस स्मार्टफोन में आपको 3जी और वाईफाई जैसे कनेक्टिविटी ऑप्शन दिए जा रहे हैं। इसमें 1500 एमएएच की बैटरी, 4जीबी इनबिल्ट मेमोरी और 312 एमबी रैम है। स्पाइस 2जीबी फ्री स्पेस अपने क्लाउड स्टोरेज प्लेटफॉर्म पर दे रहा है, जिसे किसी भी डिवाइस से एक्सेस किया जा सकेगा।

Tech Expert

फेसबुक पर रहें सुरक्षित

अभिषेक नागर

सोशल नेटवर्किंग की दुनिया में आज सबसे बड़ा नाम फेसबुक है। मार्च 2014 में फेसबुक की अधिकारिक घोषणा के अनुसार भारत में फेसबुक के 10 करोड़ से ज्यादा सक्रिय यूजर्स हैं, जो इस सोशल नेटवर्किंग साइट का उपयोग कंप्यूटर, लैपटॉप जैसे माध्यमों से करते हैं। आज के कंप्यूटर युग में सुरक्षा एक बड़ी चुनौती बन गई है। आइए जानें कुछ ऐसे तरीके, जिनसे आप फेसबुक पर सुरक्षित रह सकते हैं।

- फेसबुक इस्तेमाल के लिए मोबाइल डिवाइस पर अधिकृत एप्लीकेशन का प्रयोग करें। अगर कंप्यूटर से इस्तेमाल कर रहे हों, तो https://www.facebook.com पर ही लॉग-इन करें।
- फेसबुक अकाउंट का पासवर्ड नियमित रूप से बदलें। फेसबुक अकाउंट के साथ-साथ अपने प्राथमिक ईमेल अकाउंट की सुरक्षा का ध्यान दें।
- लॉग-इन से जुड़ी जानकारी किसी को न दें, चाहे वे आपके कितने ही करीबी क्यों न हों।
- अगर कंप्यूटर पर फेसबुक का इस्तेमाल कर रहें हैं, तो लॉग-आउट करना न भूलें।
- मोबाइल पर फेसबुक का इस्तेमाल करते हैं, तो मोबाइल को लॉक करें।
- कंप्यूटर पर इंटरनेट ब्राउजर और मोबाइल पर एप्लीकेशन अपडेट रखें।
- मोबाइल फोन पर फेसबुक के कोड जनरेटर का जरूर इस्तेमाल करें।
- फेसबुक के सुरक्षा सेटिंग्स से विश्वसनीय संपर्क जोड़ें।
- अगर आप गलती से किसी कंप्यूटर से फेसबुक से लॉग-आउट करना भूल गए, तो तुरंत सुरक्षा सेटिंग्स में जाकर उसे लॉग-आउट कर दीजिए।
- फेसबुक पर कुछ भी पोस्ट करने से पहले प्राइवेसी सेटिंग्स की जांच कर लेना अच्छा रहता है।
- डिफाल्ट प्राइवेसी सेटिंग जरूर कर लें, जिससे आपके द्वारा किए गए पोस्ट केवल उन्हीं लोगों को दिखें जिन्हें आप दिखाना चाहते हैं।
- आप अगर चाहते हैं कि आपको कोई फेसबुक पर ना ढूंढ़ सके, तो इससे जुड़ी सेटिंग्स भी आप कर सकते हैं।
- अगर आपको कोई टैग करे, तो उसे जरूर जांच लें।
- फ्रेंड रिक्वेस्ट को जांचने के बाद ही स्वीकार करें।

उम्मीद है कि अगर आप ऊपर दिए हुए बिन्दुओं पर गौर करेंगे, तो आपका फेसबुक अकाउंट सुरक्षित रहेगा।

(लेखक मोजिला फायरफॉक्स से जुड़े रहे हैं।)

तेंदुओं के इलाके में 'आश्रय'

फिर खिल उठा जीवन-7

शैलेंद्र पांडेय

पुश्तैनी जगह नहीं छोड़ना चाहते हैं गोपाल।

कोरखी, गुप्तकाशी। क्या हो अगर आपके घर के बाहर तेंदुए के पंजों के निशान मिलें? जाहिर है आप पुलिस से लेकर वन विभाग तक, सभी को फोन घुमा देंगे। लेकिन, एक शख्स ऐसा भी है, जो इन निशानों के साथ इत्मिनान से जीने का अभ्यस्त हो चुका है।

हम बात कर रहे हैं गुप्तकाशी के कोरखी गांव में रहने वाले गोपाल दत्त की। उनके घर के पहले और बाद में घना जंगल है। पूछा, रहने के लिए यह कठिन जगह क्यों चुनी? जवाब आता है, 'कभी यहां मेरा पुश्तैनी घर था। हम तीन पीढ़ियों से यहां रह रहे हैं।' डर लगने के सवाल पर वह हमें घर के बाहर की गीली मिट्टी पर बने पंजों के कुछ निशान दिखाते हैं। 'यह निशान तेंदुओं का है। इस इलाके में तीन तेंदुओं का परिवार रहता है।' वह बहुत ही गर्व से बताते हैं। गोपाल दत्त का पुश्तैनी दो मंजिला घर आपदा में गिर गया था। दरअसल, वह जिस पहाड़ पर रहते हैं, उसके नीचे लैंको की बिजली परियोजना पर काम हो रहा है। सुरंग बनाने के लिए विस्फोटकों का सहारा लेने से पूरी जमीन हिल गयी और जब पिछले साल बादल जमकर बरसे, तो उनका पुराना घर नींव से उखड़ गया। इसके बाद भी वह उसी जगह टीन और तिरपाल से एक झोपड़ी बनाकर रहने लगे। तेंदुओं के डर से वह झोपड़ी में गायों को बांधते और खुद बाहर सोते। जब अमर उजाला फाउंडेशन उनकी मदद के लिए आगे बढ़ा, तो उन्होंने सबसे पहले यही कहा कि ऐसा घर चाहिए, जिसमें पशुओं को भी रखा जा सके। उनकी जरूरत और हिम्मत को देखते हुए फाउंडेशन ने उसी जगह आश्रय का निर्माण कराया है।

AMAR UJALA FOUNDATION

पहाड़ सी मुसीबतें अब भी खड़ी हैं

आपदा के बाद गोपाल दत्त का बेटा चंडी प्रसाद और पत्नी गांव में जाकर रहने लगे हैं पर वह पशुओं के साथ बाप-दादा की जगह पर ही रुक गए। उनकी पत्नी की दोनों आंखें चली गई हैं, पर न उनके पास इतना पैसा है और न दिहाड़ी मजदूरी करने वाले बेटे के पास कि इलाज करा सकें।

धड़कन @ ऑनलाइन

हनीमून पर 675 दिन



दुनिया भर में शादी के बाद नव-विवाहित जोड़े औसतन आठ दिन का समय हनीमून पीरियड के तौर पर बिताते हैं। मगर अमेरिका के एक जोड़े ने इस आंकड़े को काफी पीछे छोड़ दिया है। 675 दिन का लंबा समय हनीमून पर बिताने के बाद इस जोड़े ने दुनिया का सबसे लंबा हनीमून मनाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। अपनी अब तक की जमा-पूंजी को भविष्य के लिए संजोकर रखने की बजाय माइक और एने हावर्ड ने एक लंबे हनीमून पर जाने का फैसला किया। उनके इस सफर में शामिल रहे 6 महाद्वीप, 33 देश और 302 अलग-अलग स्थान। 675 दिन में तय की गई 57, 597 मील की इस दूरी का हिसाब-किताब यहीं खत्म नहीं होता। इस हनीमून ट्रिप में उन्होंने 226, 152 तसवीरें ली, 105 बसें पर यात्रा की, पीनट बटर के 46 डिब्बों का सेवन किया। 41 सफारी और 39 स्कूबा डाइव्स भी उनके इस सफर का हिस्सा बनीं। माइक के अनुसार शादी के बाद वो कुछ ऐसे दोस्तों से मिले, जो कुछ ही दिन पहले दुनिया के काफी हिस्सों की सैर करके लौटे थे। इन लोगों के अनुभव सुनने के बाद उन्होंने सोचा कि क्यों न कुछ ऐसा किया जाए, जिसे करने के लिए कई लोग रिटायरमेंट की उम्र तक इंतजार करते हैं और फिर शादी के बाद अपने हनीमून को ही वर्ल्ड ट्रिप में बदल दिया। इस जोड़े ने अपनी यात्रा दक्षिण अमेरिका से शुरू की और फिर अफ्रीका, एशिया और यूरोप की तरफ बढ़ते गए। पूरी यात्रा में इस जोड़े का पसंदीदा स्थान रहा म्यांमार। माइक और एने के मुताबिक यहां के लोग बेहद दोस्ताना होते हैं।

नए रंगों का ब्रह्मांड

जितनी हमने कल्पना भी नहीं की होगी, ब्रह्मांड में उससे भी ज्यादा रंग हैं। हाल ही में खगोलज्ञों की एक टीम ने हबल स्पेस टेलीस्कोप की मदद से ब्रह्मांड की तसवीर ली है, जिसमें न सिर्फ ब्रह्मांड की विस्तृत छवि दिखती है, बल्कि इसमें अब तक ली गई सभी तसवीरों की तुलना में सबसे ज्यादा रंग दिखाई दिए हैं। दिलचस्प बात यह भी है कि दस साल की मेहनत के बाद सामने आई इस तसवीर में 10 हजार आकाशगंगाएं दिखती हैं। इस शोध कार्य को 'अल्ट्रा-वायलेट कवरेज ऑफ द हबल अल्ट्रा डीप फील्ड प्रोजेक्ट' नाम दिया गया है। पृथ्वी का वातावरण ज्यादातर अल्ट्रा-वायलेट लाइट को फिलटर कर देता है, इसलिए यह काम सिर्फ स्पेस आधारित टेलीस्कोप हबल की मदद से ही किया जा सकता है।

दुनिया की सबसे पुरानी पैंट

आज से 3000 साल पहले पहनी जाने वाली पैंट कैसी होती होगी? इस बारे में सोचने का वक्त तो शायद ही किसी के पास हो, मगर खोज और अध्ययन किए जाएं, तो इस सवाल का जवाब भी मिल ही जाता है। चीन के जिंजियांग प्रांत में जर्मन पुरातत्वविदों की एक टीम ने दुनिया की सबसे पुरानी पैंट खोज निकाली है। यह खोज एक कब्रिस्तान में की जा रही खुदाई के दौरान हुई है, शोधकर्ता इस पैंट के नमूने का इस्तेमाल कई अन्य तथ्यों को स्पष्ट करने के लिए कर रहे हैं। शोधकर्ताओं के अनुसार ऊन से बनी यह पैंट लंबी दूरी के सफर के अनुकूल नहीं थी। शोधकर्ता मेके वेगनर के अनुसार इस पैंट का इस्तेमाल घुड़सवारी के लिए किया जाता होगा।

ढेर सारी दिलचस्प खबरें पढ़िए- amarujala.com पर

राशिफल

मेष बनते कार्यों में बाधाएं आ सकती हैं। व्यवसाय में कुछ मंदी रहेगी। वाद विवाद से कष्ट होगा।

वृषभ मान सम्मान की चिंता रहेगी। व्यर्थ भाग दौड़ लगी रहेगी। शेयर बाजार में धन हानि संभव है।

मिथुन समाज में प्रभाव बढ़ेगा। यात्रा से अटका कार्य बनेगा। व्यवसाय में उत्तम धन-लाभ होगा।

कर्क कानूनी मामलों में परेशानी होगी। व्यवसाय में सामान्य लाभ होगा। स्वजनों से निराशा होगी।

सिंह उच्चस्तरीय संबंधों का लाभ मिलेगा। शुभ समाचार मिलेगा। व्यवसाय में सुधार व लाभ होगा।

कन्या कार्यक्षेत्र में उलझने बढ़ेंगी। व्यवसाय में अल्प धन लाभ होगा। आरोग्य सुख में कमी रहेगी।

तुला प्रभावी व्यक्ति का सहयोग मिलेगा। अटके कार्यों में सफलता एवं व्यवसाय में उन्नति होगी।

वृश्चिक राजकीय क्षेत्र में सफलता मिलेगी। नौकरी में उन्नति संभव है। व्यवसाय में लाभ होगा।

धनु कानूनी मामले में परेशानी होगी। व्यवसाय में धन लाभ ठीक रहेगा। धर्म कर्म में रुचि बढ़ेगी।

मकर कार्य विशेष में बाधा संभव है। व्यवसाय में सामान्य लाभ होगा। नौकरी में प्रतिष्ठा बनी रहेगी।

कुंभ नूतन परिचय उत्थान में सहायक रहेगा। नौकरी में उन्नति संभव है। व्यवसाय में लाभ बढ़ेगा।

मीन रोजगार प्राप्ति के अवसर मिलेंगे। अटके कार्यों में सफलता मिलेगी। व्यवसाय में धन लाभ होगा।

पंचांग / व्रत त्योहार

कल का पंचांग व्रत त्योहार: ग्रीष्मऋतु, सूर्यउत्तरायणे, उत्तरगोले। राहुकाल: प्रात: 10.30 से 12.00 तक। पंचांग: विक्रमी संवत् 2071, 16 ज्येष्ठ मास शक 1936,ज्येष्ठ मास 24 प्रविष्टे, 07 शाबान हिज़री 1435,ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष अष्टमी15.04 तक उपरांत नवमी, पूर्वाफाल्गुनी नक्षत्र 13.18 तक उपरांत उत्तराफाल्गुनी नक्षत्र, वज्र योग 16.40 तक उपरांत सिद्धि योग,बव करण 15.04 तक उपरांत बालव करण, चन्द्रमा कन्या राशि में 19.49 पर।

आज जिनका जन्मदिन है इस वर्ष प्रगति के नए मार्ग मिलेंगे। मन में आशा का संचार होगा। समाज में मान प्रतिष्ठा बढ़ेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। राजनैतिक क्षेत्र में पद प्रतिष्ठा का लाभ संभव है। रोजगारपरक परीक्षाओं में सफलता एवं विदेश सेवा, चिकित्सा, सेना, प्रशासनिक सेवा, विज्ञान, खोज कार्य, इंजीनियरिंग आदि क्षेत्रों में करियर बनाने के अवसर मिलेंगे। व्यवसाय में विस्तार एवं लाभ में वृद्धि होगी। सरकारी क्षेत्र में सेवारत जातकों को उन्नति का अवसर मिलेगा। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

आज के व्रत त्योहार ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष सप्तमी

-पं. विनोद त्यागी

सुडोकू

					4	1		6
	2		9		1			
				6		7		
	7			8	6	2		
		2				5		
		5	3	9			1	
		3		2				
			8		9		3	
8		9	4					

उत्तर

5	9	8	7	3	4	1	2	6
6	2	7	9	5	1	3	4	8
1	3	4	2	6	8	7	5	9
3	7	1	5	8	6	2	9	4
9	8	2	1	4	7	5	6	3
4	6	5	3	9	2	8	1	7
7	4	3	6	2	5	9	8	1
2	1	6	8	7	9	4	3	5
8	5	9	4	1	3	6	7	2

सुडोकू 81 वर्गों का ग्रिड है, जो 9 वर्गों के ब्लॉक में बंटा हुआ होता है। कुछ वर्गों के अंक लिखे हैं और खाली वर्गों में1 से लेकर 9 तक के अंक लिखने होते हैं। कोई नंबर 1 पंक्ति, कॉलम या 9 वर्ग वाले छोटे ब्लॉक में दोबारा नहीं आ सकता है।

आज की फिल्में

जी सिनेमा
2.41 मैं प्रेम की दीवानी हूं
5.46 जीते हैं शान से
9.00 द रियल टाइगर

स्टार गोल्ड
5.05 एक और एक ग्यारह
8.00 दिलजले
10.45 रिटर्न ऑफ गजनी

फिल्मी
3.00 अभिमान
6.00 हम तुम्हारे हैं सनम
9.00 एक दूजे के लिए